

नवभारत 03
इंदौर, बुधवार, 30 जुलाई , 2025

## एक नजर में

### नाग पंचमी हर्षोल्लास से मनाई



**बाकानेर .** स्थानीय भिलट देव मंदिर बाईपास रोड पर नागपंचमी के दिन आज सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही गांव के एकमात्र भिलट मंदिर में नाग देवता को श्रद्धालुओं ने दूध सिंदूर लगाकर श्रीफल चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की रविवार को कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन भी करवाया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### लव-जिहाद में फंसने वाली बेटियों की जागरूकता के लिए लगाए शिविर



**नागदा** ।धार-धर्म जागृति को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है? ।हमारी हिंदू बेटियो को गुमराह करके लव-जिहाद में फंसाने का काम किया जा रहा है। हमें बेटियो को लव-जिहादियो से बचाने शिविर लगाकर समझाईश का अभियान चलाना होगा। उक्त प्रेरक विचार ग्राम अनारद में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती मांगरोला आश्रम नर्मदा किनारे जिला रायसेन वालो ने कही। उन्होंने कहा कि भोजशाला को लेकर भी निरन्तर संघर्ष जारी है। 2009 में भी मैंने प्रति मंगलवार को हनुमान चालीसा का आव्हान किया था। वर्तमान में मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ प्रतिदिन किया जा रहा है ।प्रेस वार्ता के पश्चात पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कथा प्रवक्ता पूज्या साध्वी महंत डॉ प्रज्ञा भारती व कथा आयोजक नारायणसिंह पंवार ने पत्रकारों का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी,रेणुका अग्रवाल,पंकज शर्मा, अनोखीलाल राठौड़, समन्दरसिंह कछवाया,अमन पाण्डे, गणेश प्रजापत, प्रतीकसिंह राठौर,सुनील पागनीश,मीन्टु जोशी,स्वेता सोनी,मुक्कु श्रीवास,दिलीप सोनी,नयन लववंशी,मनोहरसिंह चावड़ा टकरावदा उपस्थित थे। संचालन महेन्द्रसिंह चावड़ा टकरावदा ने किया। आभार अर्जुनसिंह पंवार अनारद ने माना।

### समरसता संकल्प कावड यात्रा निकली शिवभक्त सम्मिलित हुए



**बाकानेर--** समरसता संकल्प महा काव? यात्रा के सफलतम 14 वर्ष पूर्ण करते हुए हुए भक्ति और आस्था के इस संगम में हजारों की संख्या में शिवभक्त सम्मिलित हुए ।कावड़ यात्रा वराह नगर बड़दा नर्मदा तट से प्रारंभ होकर 16 किलोमीटर की यात्रा तय कर हनुमत्या स्थित हनुमंतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची ।काव? यात्रा में ढोल ताशे डीजे के और भजन गायक विजय चौहान और गायिका संस्कृति के भजनों ने नगर को धर्ममय बना दिया हर हर महादेव की जय घोष से सारा नगर गुंज उठा। भाजपा बाकानेर नगर मंडल अध्यक्ष अरविंद तंवर के नेतृत्व में कावड़ यात्रा का पुष्प माला से स्वागत किया गया वही बजरंग दल के कार्यकर्ताओ द्वारा काव? यात्रा का तिन जेसीबी से गुलाब के फुलों की पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया वही। वीर शिवाजी परिषद जय आदिवासी युवा संगठन ने भी पुष्प वर्षा का कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया अम्बिका आश्रम बालीपुर धाम की ओर से ?रिहाली खिचड़ी की व्यवस्था रखी गई ।सामाजिक धार्मिक और व्यापारी संगठनों ने भी पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रा का स्वागत किया बोल बम हर हर महादेव के जयकारों के साथ काव? यात्रा हनुमन्तेश्वर महादेव मंदिर हनुमनत्या पहुची भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नौज ने जानकारी में बताया कि पिताजी द्वारा प्रारंभ महाकाव? यात्रा से समाज में समरसता स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। भोलेनाथ के जलाभिषेक के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया। काव? में जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार मनावर नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा नारायण सोनी पार्षद कैलाश राठौड़ सहित अन्य कई समाजसेवी जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए ।

### अग्रवाल समाज द्वारा सावन हरियाली तीज महोत्सव का हुआ आयोजन




**धार ।** अग्रवाल समाज धार द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सावन की हरियाली तीज पर मेला और उत्सव मनाया गया ।अग्रवाल समाज धार की ओर से सावन हरियाली तीज मेला महोत्सव 2025 का आयोजन रविवार को जेएमडी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल सहित कार्यकारणी सदस्यों ने दीप प्रज्वलन व महाराजा अग्रसेन जी का पूजन अर्चना के साथ महाराजा अग्रसेनजी के जयकारों के साथ किया ।जिसके बाद डीआरपी लाईन पर पर्यावरण जागरुकता एवं समाजिक एकता का परिचय दे कर पौधारोपण किया गया इस दौरान समाजजनों ने उत्साह के साथ हिस्सेदारी करते हुए हरियाली तीज पर पर्यावरण संरक्षित करने का संदेश दिया ।तीज महोत्सव में महिलाओं ने रंगीलो सावण आयो रे सुरंगों सावण आयो .. आयी आयी सावनीये री तीज... गीत के साथ सावन की हरियाली तीज के अवसर पर गीतों पर सांस्कृतिक नृत्य किया। उत्सव के दौरान झूले लगाये गये। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने एक-दूसरे को झूला झुलाया। संगीत और नृत्य ने आयोजन में चार-चांद लगा दिए। समाज की महिलाओं ने सावन के लोकगीत गाकर उत्सव के माहौल को खुशनुमा बना दिया। जिसके बाद अग्रवाल समाज धार की महिला कार्यकारिणी सदस्य बबिता अग्रवाल,संतोष गुप्ता,शीतल अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, प्रतिभा गोयल, अर्चना अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, रीना गोयल, मधु अग्रवाल द्वारा तीज उत्सव की थीम पर समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित की ।जिसमें समाज की महिलाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# कांग्रेस में क्यों नहीं मिलता है जमीनी नेताओं को पद

## क्या इस बार भी किसी धंधेबाज को मिलेगा अध्यक्ष पद ?

संजय बाजपेई

**धार । कांग्रेस के पतन का एक प्रमुख कारण यह भी है कि कांग्रेस संगठन में बैठे वरिष्ठ नेता जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं की बजाय धंधेबाज को पद पर पदस्थ कर देते हैं जिससे संगठन मजबूत होने की बजाय धंधेबाजी तक ही सीमित रह जाता है और यही कारण है कि कांग्रेस का लगातार पतन हो रहा है बावजूद इसके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपनी नीति में बदलाव करते दिखाई नहीं दे रहे हैं.**

सूत्रों की माने तो इस बार भी पटठावाद और वंशवाद पैनल में स्पष्ट दिखाई दे रहा है आपको बता दें कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए अगस्त में घोषणा होने की संभावना है जिलाध्यक्ष की दौड़ कई धंधेबाज याने की व्यापारी नेता शामिल है हालांकि इस बार जमीनी नेता ने भी दावेदारी की है अब बस आलाकमान की मंजूरी का इंतजार है प्रदेश में इन दिनों कांग्रेस जमीनी स?तर पर नए सिरे से संगठन खड़ा करने की बात कर रही है। इसके लिए हाल ही में जिला कांग्रेस और युवक कांग्रेस के चुनाव भी करवाए गए है। हालांकि युवक कांग्रेस के मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई और अब परिणाम का इंतजार है। इसी तरह जिला कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर भी प्रदेश संगठन रायशुमारी कर चुका और अब नए जिलाध्यक्ष की ताजपोशी का इंतजार है।







### प्रदेश में कांग्रेस का नेतृत्व

बात करें जिले की राजनीति की तो फिलहाल गंधवानी से विधायक सिंघार इन दिनों विधानसभा में कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे है। वे नेता प्रतिपक्ष के तौर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता है। जिले की राजनीति में फिलहाल सिंघार का कद काफी मजबूत है। यहीं कारण है कि गंधवानी से आने वाले जोशी का नाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए काफी प्रबल दावेदार के रूप में माना जा रहा है। लेकिन कांग्रेस सूत्र बताते है कि गंधवानी से जिलाध्यक्ष की ताजपोशी होती है तो कांग्रेस संगठन सिमटकर गंधवानी तक रह जाएगा। सूत्रों का कहना है कि जोशी युवा के साथ सक्रिय भी है। लेकिन आम कार्यकर्ता से सीधा जुड़ाव नहीं है। वहीं जिला मुख्यालय पर उपलब्धता पर भी कार्यकर्ता सवाल उठा रहे है। इसके बावजूद यदि नेता प्रतिपक्ष सिंघार अड़ते है तो जोशी के नाम पर मोहर लग सकती है।

जिलाध्यक्ष के नाम को लेकर जहां अलग-अलग कयास लगाए जा रहे है, वहीं संगठन में चर्चा है कि इस बार भी कांग्रेस में जिलाध्यक्ष चयन में पटठावाद और वंशवाद देखने को मिल सकता है। इसकी वजह यह है कि रायशुमारी के दौरान पैनल में तीन नाम दिए है। इनमें एक नाम गंधवानी विधानसभा से आया है। जबकि दो नाम धार विधानसभा से गए है। अब तक कांग्रेस संगठन गुटों में ही बंटी नजर आई है। लेकिन पिछली बार जब कमान कमल किशोर पाटीदार के हाथ में सौंपी गई, तो गुटबाजी में कुछ हद तक लगाम लगी। लेकिन इस बार कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जिलाध्यक्ष को आम कार्यकर्ता की पहुंच में लाने के लिए जमीनी कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष जैसे पद की जिम्मेदारी की मांग भी सुनाई दे रही है। ताकि हर कार्यकर्ता अपनी बात सीधे जिलाध्यक्ष तक पहुंचा सके और अपनी परेशानी पर बात भी कर सके।

जिले में जल्द ही नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाना है। इसी कारण गत माह प्रदेश प्रभारी की बैठकों में रायशुमारी कर जिलाध्यक्ष के लिए प्रस्तावित नाम लिए गए है। सूत्र बताते है कि इस बार जिलाध्यक्ष के लिए तीन नामों की पैनल तैयार की गई है। इसमें गंधवानी से विधायक व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के समर्थक स?वतंत्र जोशी और धार से पूर्व जिपं अध्यक्ष मनोज गौतम के नाम शामिल है। इसके अलावा एक अन्य नाम राजेश पटेल का भी रखा गया है। बता दें कि पटेल जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर कांग्रेस के लिए पिछले 25/ 30 वर्षों से निस?वार्थ रूप से पार्टी का कार्य कर रहे है। वर्तमान में वे बूथ प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष का काम संभाल रहे है, जो संगठन और चुनाव की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। रायशुमारी के दौरान गुटबाजी के चलते हर विधानसभा से अपने-अपने समर्थकों के लिए लॉबिंग देखने को मिली थी। ऐसे में यदि किसी गुट का समर्थक जिलाध्यक्ष की कुर्सी संभालता है तो जिले की कांग्रेस गुटबाजी मुक्त नहीं हो पाएगी। सूत्र बताते है कि आम कार्यकर्ताओं की धारणा है कि जिलाध्यक्ष युवा होने के साथ-साथ हर गुट को साथ लेकर काम करने वाला हो। ताकि संगठन को मजबूती मिल सके।

### गौतम की भी दावेदारी

इस बार जिपं सदस्य मनोज गौतम भी जिला?यक्ष के लिए दावेदारी कर रहे है। बता दें कि गौतम वर्तमान में जिपं सदस?य है और पूर्व में वे जिपं अ?यक्ष का कार्यकाल संभाल चुके है। कांग्रेस नेता के तौर पर धार विधानसभा में सक्रिय भी रहते है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष सिंघार और गौतम गुट के बीच काफी दूरियां है। सूत्र बताते है कि गौतम के नाम पर सहमति बनती है तो भी गुटबाजी की स्थिति बनने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संगठन की मजबूती चिंता का विषय बनी रहेगी। हालांकि गौतम का हर विधानसभा के प्रमुख नेताओं से अच?छा संपर्क है। लेकिन जिले की तीन विधानसभाएं उनके लिए चिंता खड़ा कर सकती है।

**पटेल का नाम चौंकाने वाला** -सूत्र बताते है कि इस बार एक कार्यकर्ता के तौर पर राजेश पटेल का नाम भी पैनल में शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि यदि दो प्रमुख नामों पर ज?यादा दबाव और बड़े नेताओं में खिंचतान देखने को मिलती है तो फिर तीसरे निर्विरोध नाम पर मंथन किया जा सकता है। इसलिए रायशुमारी के बाद पैनल में पटेल का नाम रखा गया था। हालांकि पटेल कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता है। लगभग सभी नेताओं से उनके जीवंत संबंध है। एनएसयूआई शहर अ?यक्ष के तौर पर अपना राजनीतिक कॅरियर शुरू करवाने वाले पटेल छात्र संगठन के बाद युवक कांग्रेस, किसान और बूथ प्रबंधन प्रकोष?ठ में संगठन का काम देख रहे है। पटेल 20 / 25 वर्ष से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रूप से काम कर रहे है।

# अणु संस्कार बाल मेला आयोजित



**नागदा धार ।** आचार्य भगवन्त पूज्य गुरुदेव श्री उमेशमुनिजी मसा के दिव्य आशीषएवं धर्मदास गणनायक बुद्धपुत्र प्रवर्तक श्री जिनेन्द्रमुनिजी मसा के शुभाशीर्वाद से संयम रुचिका विदुषी पूज्या संयमप्रभाजी मसा के सानिध्य मे बदनावर श्री संघ के मार्गदर्शन में नागदा में अणु संस्कार बाल मेला आयोजित किया। जिसमे बदनावर, मुलथान एवं नागदा के बच्चों ने ब?-च? कर भाग लिया एवं अणु बाल मेले में स्टाल से अपनी मनपसंद वस्तु की अणु डॉलर द्वारा खरीदी की।

प्रातः स्थानक पर आयोजित धर्मसभा में संयम रुचिका श्री संयमप्रभाजी मसा ने बच्चों को संस्कार के बारे में विस्तार से समझाया व कहा कि आज के इस युग में पाठशाला से ही बच्चों में संस्कार का बीजारोपण होता है। पूज्या श्री सुज्ञाजी म सा, पूज्या श्री प्रेक्षाजी मसा ने भी धर्म सभा को संबोधित किया। दोपहर में श्री अणु जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा नवकार महामंत्र के साथ अणु बाल मेले की शुरुआत की। साथ ही अणु पाठशाला बदनावर के बच्चों द्वारा भी प्रस्तुति दी।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय श्री धर्मदास युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग नाहर, अध्यक्षता नागदा श्री संघ अध्यक्ष अभिषेक मोदी, विशेष अतिथि अणु कृपा नवयुवक मण्डल अध्यक्ष महावीर चैधरी, संघ उपाध्यक्ष नवीन सुराणा, अणु मित्र मंडल अध्यक्ष दीपक जैनटी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग नाहर ने कहा कि प्रतिक्रमण जो कंठस्थ करेंगे उनकी एक परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को एक उत्कृष्ट पुरुस्कार प्रदान किया जायेगा। श्री संघ अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने कहा की एक छोटे से निवेदन पर मेले को सफल बनाने बदनावर से हमें जो सहयोग मिला, वह अनुकरणीय है। पाठशाला संयोजक मनीष बोकडिया ने कहा कि पाठशाला का एक पाठ्यक्रम हो जो अणु संस्कार शाला को प्ले स्कूल से जो?। नर्सरी से लेकर एलकेजी, यूकेजी की पढ़ाई भी साथ में की जावे ।कार्यक्रम में बदनावर, मुल्थान एवं नागदा की पाठशाला संचालिकाओं का महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूजा मोदी एवं संघ की श्राविकाओं द्वारा बहुमान किया।



# राजा राम रामेश्वर निकले अपनी प्रजा का हाल जानने

**सरदारपुर न्यूज़ .** दसाई मे श्रावण माह का तीसरे सोमवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्मरणीय यादें छोड़ गया ।नगर में निकले भगवान राम रामेश्वर के आकर्षक डोले ने भक्तों को खूब झूमया प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रावण माह के तीसरे सोमवार को नगर अतिप्राचीन रामरामेश्वर मन्दिर से रामरामेश्वर वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान मे भगवान भोले का विशाल डोला नगर भ्रमण के लिये निकला। अलसुबह से ही मन्दिर मे भगवान राम रामेश्वर का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया उसके बाद डीजे के साथ भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक कार्यक्रमो का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। सुबह भगवान भोले का महाभिषेक गजेंद्र पौराणिक के द्वारा किया गया। अभिषेक के बाद भगवान का आकर्षक श्रंगार किया गया जिसे देख कर भक्तों को



महांकाल की याद ताजा हो गई। इसके बाद भोलेनाथ सुंदर सजी पालकी मे नगर भ्रमण के लिये निकले। जैसे ही मन्दिर परिसर से डोला निकला वैसे ही चारो ओर धार्मिक माहौल बन गया साथ ही भोले के भक्तजन नृत्य करते चल रहे थे।

डोले मे भूतो की बारात , भोले पार्वती व कालिका माता अदि का नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहे , ।

# चाणक्यपुरी के रहवासियों ने सड़क के लिए कई बार दिए आवेदन, मिला सिर्फ आश्वासन

**धार/ धार शहर की 25 साल पुरानी चाणक्यपुरी कॉलोनी में आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं है। यहां अब तक पक्की सड़क नहीं बनी है। ऐसे में बारिश के दिनों में हालात और बिग? जाते हैं। कीचड से सनी स?कों पर स्कूली बच्चे व वाहन आए दिन फिसलते हैं, जिससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं। कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि स?क निर्माण को लेकर वे कई बार नगर पालिका में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।**



### सुविधाओं के अभाव में हो रही परेशानी।

आज तक यहां सड़क का निर्माण नहीं हुआ। इस क्षेत्र में केन्द्रीय एवं अन्य अशासकीय स्कूल भी है। ऐसे में कीचड के बीच से बच्चों को निकलना मजबूरी बन चुका है। वहीं सड़क ही नहीं, सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह बिगडी हुई है। कॉलोनी के कई हिस्सों में कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चेंबर का पानी ओवरफ्लो हो रहा है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है।

**एक नजर** इस बार एलोपैथी के साथ आयुष और होम्योपैथी के विशेषज्ञ डॉक्टर भी करेंगे इलाज

# जनपदों में जरूरतमंदों के उपचार के लिए अगस्त माह से प्रारंभ होंगे स्वास्थ्य शिविर

**धार .**संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में आगामी माह अगस्त से नवम्बर 2025 तक दूरस्थ व पिछ?ी जनपद क्षेत्रों में होने वाले स्वास्थ्य शिविरों को लेकर आज संभागायुक्त कार्यालय में गूगल मीट लिंक के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कलेक्टर्स और सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविरों से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करें और डीपीएम, बीपीएम और आशा कार्यकर्ताओं के लिये जिला स्तरीय और विकासखण्ड स्तरीय प्रशि?क्षण आयोजित कर तैयार किये गये प्रारूपों के संबंध में आवश्यक रूप से तैयार करें। इसके अलावा उन्होंने जिला कलेक्टर्स से कहा कि स्थानीय स्तर पर अन्य विभागों को शामिल करने के साथ ही आयोजन स्थल पर आवश्यक तैयारियों में ग्रामीणों, पंचायत





सचिवों का विशेष रूप से सहयोग लें। इन शिविरों में ऐसे ग्रामीणों को लाया जाये जो अत्यंत जरूरतमंद है, जिनकी जाँच के लिये आशा कार्यकर्ताओं को पूर्व से ही तैयारी के लिये निर्देशित करें।

इन शिविरों में शत-प्रतिशत सिकलसेल एनीमिया की जाँच सुनिश्चित करने के साथ ही प्रमाण पत्र और पेंशन स्वीकृति के प्रकरण भी तत्काल तैयार किये जा सकें, इसके लिये प्रशिक्षण में विशेष तौर पर बताया जाये। बैठक में धार से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित संबंधित डॉक्टर्स और अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी अगस्त से लेकर नवम्बर तक संभाग के सभी जिलों बुरहानपुर, खण्डवा, अलीराजपुर, धार, झाबुआ, ब?वानी, खरगौन और इंदौर में अगस्त के द्वितीय पखवा? से 30 नवम्बर 2025 तक 30 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इसका उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जुटाना और उन्हें चिन्हित कर उनका समुचित इलाज करना है। इस आयोजन में संभाग के सभी जिलों के शासकीय अस्पताल, आयुष महाविद्यालय, निजी अस्पताल सहित एनजीओ आदि अपनी सेवाएं देंगे। इसमें सेम्स चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर, इंडेक्स चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर, शंकर आई अस्पताल इंदौर, चोईथराम नेत्रालय, इंदौर कैंसर फाउंडेशन, विशेष जूपिटर अस्पताल इंदौर, मेदांता अस्पताल इंदौर, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी अस्पताल इंदौर, शैल्बी अस्पताल, इंदौर, एलएनसीटी अस्पताल इंदौर, सीएचएल इंदौर सहित सभी आयुष महाविद्यालय के चिकित्सक और एनजीओ अपनी सेवाएं देंगे। ये शिविर शासकीय अस्पताल, कम्युनिटी हॉल, शैक्षणिक संस्थान आदि स्थानों पर आयोजित किये जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत अगस्त माह के द्वितीय पखवा? से होगी। इस बार एलोपैथी के साथ आयुष और होम्योपैथी के विशेषज्ञ डॉक्टर भी इलाज करेंगे।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आगामी महीनों में आयोजित संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में होने वाले 30 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक संसाधन जुटाएं। मेमोग्राफी, सर्वाइकल कैंसर आदि बीमारियों की जाँच के लिये सोनोग्राफी मशीन, मेमोग्राफी मशीन आदि की संख्या ब?ायी जाये। साथ ही अन्य स्वास्थ्य जाँच जैसे मधुमेह, हाईपरटेंशन, हृदय रोग, थैलेसिमिया सहित आँख, कान, नाक, गला आदि की बीमारियों के लिये आवश्यक मशीन, उपकरणों इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। शिविर में आने वाले ग्रामीणों के लिये पेयजल, छाया, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें।